दिनांक 11.03.2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सर्विस रोड से कब्जा हटाने 60 से अधिक स्थान पर की गई बेदखली की कार्रवाई

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्र में बेतरतीब अवैध रूप से ठेला तथा बॉस बल्ली लगा कर किये गये कब्जो को हटाने के लिए आज दूसरे दिन भी सख्त कार्रवाई करते हुए 60 से अधिक स्थान पर बेदखली की कार्रवाई की गई। सड़क किनारे अवैध तरीके से लगाए साइन बोर्ड , नेम प्लेट, छोटे बड़े होर्डिंग्स को तोड़फोड़ कर हटाते हुए लंबे समय से सड़क पर रखे हुए कंडम वाहन को जप्त किया गया। निगम के राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त दल का अमला आज चंद्रा मौर्या चौक से पावर हाउस चौक तक कार्रवाई किए, सख्त कार्रवाई को देखते हुए अवैध कब्जा करने वाले किसी प्रकार के नुकसान से बचने स्वंय से ही बांस बल्ली व अस्थाई रूप से किए गए निर्माण को हटाने लगे तथा 5 से अधिक कब्जेधारियों से अर्थदंड भी वसूला गया। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर जीई रोड दोनो किनारे पर चलाए जा रहे बेदखली अभियान के दूसरे दिन चंद्रा मौर्या चौक से पॉवर हाउस चौक तक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सर्विस रोड पर लगाए अवैध ठेले खोमचे , अस्थाई शेड एवं बांस बल्ली तथा अनुपयोग खड़े वाहनों को हटाया गया। इस बीच कुछ लोगो के द्वारा निगम की कार्रवाई पर व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया किंतु पुलिस के हस्तक्षेप करने के कारण उनकी एक न चली और कार्रवाई लगातार पावर हाउस चौक तक चलाया गया तथा 60 से अधिक स्थान से अवैध ठेले गुमटी तथा अस्थाई निर्माण को बेदखल किया गया। राजस्व विभाग के टीम ने दुकानो के सामने लगाए गए संकेतक बोर्ड तथा दुकान बढ़ाकर सड़क पर रखे विक्रय सामग्री को भी हटवाया एवं अर्थदण्ड वसूला गया। आयुक्त श्री सर्वे ने शहर में बढ़ रहे यातायात दबाव विशेषकर जीई रोड के दोनो किनारो में वाहनों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए नेहरू नगर चौक से डबरापारा नहर तक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। जिस पर निगम के राजस्व अमला द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्यवाही के दौरान जोन 03 आयुक्त येशा लहरे, एआरओ मलखान सिंह सोरी , परमेश्वर चंद्राकर, अनिल मेश्राम, सत्यनारायण कौशिक तोड़फोड़ दस्ता सहित ट्रैफिक पुलिस के जवान उपस्थित थे।